DATE :- 20-02-2026

RAJASTHAN PATRIKA, PAGE-03, SURAT

4.4 किमी एक्सटेंशन को राज्य बजट में मंजूरी, 40 करोड़ का प्रावधान

# बुलेट स्टेशन तक पहुंचेगी सूरत मेट्रो

सूरत @ पत्रिका. राज्य बजट में सूरत मेट्रो को बुलेट ट्रेन स्टेशन से जोड़ने के लिए लाइन-2 के 4.4 किमी विस्तार हेतु 40 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह विस्तार सारोली से अंत्रोली तक प्रस्तावित है, जहां बुलेट ट्रेन स्टेशन का निर्माण चल रहा है। जीएमआरसी ने कॉरिडोर-2 (फेज-1) के विस्तार का प्रस्ताव भेजा था, ताकि मेट्रो और बुलेट ट्रेन के बीच सीधी कनेक्टिविटी मिल सके। योजना लागू होने के बाद यात्री बुलेट ट्रेन से उतरते ही सीधे मेट्रो पकड़कर शहर के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच सकेंगे। इसे मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इस रूट पर तीन नए मैट्रो स्टेशन नवकार धाम जैन मंदिर, अंबाबा कॉमर्स कॉलेज और अंत्रोली हाई-स्पीड रेल स्टेशन प्रस्तावित है। अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार की मंजूरी के बाद डीपीआर केंद्र सरकार को भेजी जा चुकी है। अब वित्त मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, नीति आयोग और रेल मंत्रालय स्तर पर तकनीकी व वित्तीय जांच के बाद अंतिम स्वीकृति मिलेगी। पूरी प्रक्रिया में सामान्यतः छह महीने से एक साल का समय लग सकता है। अधिकारियों का कहना है कि सूरत मेट्रो फेज-1 का करीब 90% काम पूरा हो चुका है और 2027 तक संचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।